कोई प्यार से मेरे श्याम को सजा दे | By Savita Mundhra |

कोई प्यार से मेरे
श्याम को सजा दे
गज़ब हो जाएगा

गज़ब हो जाएगा
गज़ब हो जाएगा
कोई प्यार से मेरे
श्याम को सजा दे
गज़ब हो जाएगा
गज़ब हो जाएगा

गंगाजल से
इन्हें नहलाओ
सारे ज़माने का
इत्र लगाओ
फिर रंग बसंती
चोला पहनाओ
गज़ब हो जाएगा
गज़ब हो जाएगा

साँवले से चेहरे पे
चंदन लगाके
माथे पे रोरी का
तिलका लगाके
ज़रा आईना
मेरे श्याम को दिखला दे
गज़ब हो जाएगा
गज़ब हो जाएगा

कानों में कुंडल
बैजंती माला
दूल्हा सा लागे है
नंद जी का लाला
हम भक्तों को
बराती बना दे
गज़ब हो जाएगा
गज़ब हो जाएगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%88-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%8b/